तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

11 शिक्षा और एकजुटता ही समाज का असली ...



11 महामाया तालाब में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान...




## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### गाली गलौज कर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** गाली गलौज कर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जयनिधि रत्नाकर निवासी ग्राम कोयलारी ने बताया कि 20 अप्रैल को ग्राम कोयलारीडीह के गिरधारी पटेल, रोशन उर्फ चंद्रमणि पटेल, पप्पू उर्फ चिंतामणि पटेल के द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सरायापाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया रिंदू महानंद निवासी माधोपाली ने बताया कि बीते 2 साल वह अभय जायसवाल के साथ रिलेशनशिप में थी और पति-पत्नी के रूप में ग्राम माधोपाली में रह रहे थे, लेकिन अब अभय जायसवाल उसे अपनाने में इनकार कर रहा है। साथ ही उसके साथ मारपीट व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दो लोगों ने एक व्यक्ति को जमकर पीटा

**महासमुंद।** एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में दो लोगों के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को कुटेला के सुबोध बारिक ने बताया कि 5 साल पूर्व उसकी शादी झूलबाई बारिक से हुई। अब वे दोनों अलग-अलग रह रहे थे। प्रार्थी न बताया कि उसने ग्राम जोगनीपाली से एक महिला करण को चूडी पहनाकर पत्नी बनाकर घर लाया था। इसके बाद उसकी पहली पत्नी झूलबाई ने घर आकर उसकी मां, पत्नी के साथ विवाद कर घर से भगा दिया था। 26 अप्रैल की सुबह करीबन 7 बजे ग्राम बरबसपुर के राजेश नंद, ग्राम बेलटिकरी के परेश सोना कुटेला चौक सोढीपारा ग्राम जोगनीपाली आए और दोनों ने एक राय होकर उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारनेकी धमकी देते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# शहर के उद्यानों का हाल-बेहाल, झूले टूटे, फिसलपट्टियां भी जर्जर

## अधिकांश उद्यानों में खेल सामग्रियां खराब, सुविधाएं नहीं होने से विरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के उद्यानों की हालत दयनीय है। कहीं झूले टूटे हुए हैं तो कहीं फिसलपट्टियां जर्जर अवस्था में हैं। कई जगहों पर खेल उपकरण पूरी तरह से खराब हो चुके हैं। लंबे समय से देखरेख नहीं होने के कारण स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। जिसके कारण लोगों का उद्यानों के प्रति रुचि का अभाव नजर आने लगा है। गर्मी के दिनों में आमतौर पर लोग सुबह व शाम सैर सपाटे के लिए लोग उद्यानों में पहुंचते है। लेकिन, यहां सुविधाओं में कमी व खेल सामग्रियों के अभाव में लोगों की आवाजाही नहीं के बराबर है। गर्मी की छुट्टीयों में सुबह-शाम गूंजने वाली किलकारियां सुनाई नहीं दे रही है।

शहर के प्रमुख उद्यानों में शामिल संजय कानन की टॉय ट्रेन भी लंबे समय से बंद पड़ी है, जिससे बच्चों का आकर्षण कम हो गया है। पहले जहां छुट्टियों के दौरान यहां बच्चों की आक भौड़ लगी रहती थी, वहीं अब उद्यान सूना नजर आने लगा है। ढीढी उद्यान और किलकारी उद्यान की हालत सबसे ज्यादा खराब है। यहां लगी कुर्सियां टूट चुकी हैं और फिसलपट्टियां जंग खाकर कमजोर हो गई हैं। ओपन जिम के अधिकांश उपकरण या तो गायब हैं या के उपयोग लायक नहीं बचे हैं। ऐसे में लोग यहां व्यायाम भी नहीं कर पा रहे हैं। हर साल गर्मी के मौसम में नगर पालिका मरम्मत और सुधार का आश्वासन देती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नहीं होता। पिछले पांच वर्षों में कई नगर पालिका अधिकारी और जनप्रतिनिधि बदले, लेकिन उद्यानों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। जर्जर झूलों और फिसलपट्टियों पर खेलते बच्चों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई अभिभावकों ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है और जल्द सुधार की मांग की है। है। गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही गुरु गोविंद सिंह उद्यान में बोटिंग का आकर्षण बढ़ गया है। यहां बच्चे और परिवार के लोग बोटिंग का आनंद ले रहे हैं। मात्र 20 रुपए में यह सुविधा उपलब्ध है, जिससे लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। नगर के हृदय स्थल पर स्थित नेहरू बाल उद्यान में लगे झूले व फिसलपट्टियां जर्जर अव्यवस्था है।

### फव्वारे बंद, सौंदर्यीकरण पर भी पड़ा असर

शहर के उद्यानों और प्रमुख चौक-चौराहों पर लगे फव्वारे लंबे समय से बंद पड़े हैं। लोग इन फव्वारों को देखने की उम्मीद से उद्यानों में आते हैं, लेकिन सुविधा बंद होने से उन्हें निराशा हाथ लगती है। फव्वारे बंद रहने से शहर के सौंदर्याकरण पर भी नकारात्मक असर पड़ा है। गर्मी के मौसम में जहां फव्वारे ठंडक का अहसास कराते थे, वहीं अब उनकी कमी साफ महसूस की जा रही है।



### प्रस्ताव भेज चुके हैं: नपाध्यक्ष



पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि शहर के उद्यानों की इस स्थिति को सुधारने की तैयारी बजट में कर दी गई है और तकरीबन 1 करोड़ के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। उद्यानों में लगे झूले पुराने और 2 दशक पहले के हैं अब नए एडवांस तकनीक के एक्यूपमेंट्स लगेंगे। साथ ही उद्यानों में शहीदों और महापुरुषों की प्रतिमाएं भी स्थापित किए जाने की तैयारी है।

## मांग : हस्ताक्षर अभियान चला, फिर रैली निकालकर सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

# राष्ट्रमाता घोषित करें और गौहत्या के मामलों में भी देश में हो एक विधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गौ-संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल

- भारतीय सभ्यता में गाय का विशेष स्थान रहा है और उसे "राष्ट्र माता" घोषित करना करोड़ों लोगों की भावनाओं का होगा सम्मान

सामने आई जिसमें स्थानीय गौसेवकों ने गौमाता को "राष्ट्र माता" का संवैधानिक दर्जा देने की मांग उठाई। इस संबंध में एसडीएम महासमुंद को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार तक इस मांग को पहुंचाने का आग्रह करते हुए संविधान के अनुच्छेद 48 एवं 51-ए (च) व (छ) में संशोधन की मांग को लेकर रैली निकाली। पश्चात एसडीएम दफ्तर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। इसके पूर्व जिला मुख्यालय स्थित लोहिया चौक में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

गौ सेवक संगठन एवं कार्यकर्ताओं ने बताया कि भारतीय सभ्यता में गाय का विशेष स्थान रहा है और उसे "राष्ट्र माता" घोषित करना करोड़ों लोगों की भावनाओं का सम्मान होगा। अपनी मांगों में स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 48, जो वर्तमान में राज्य को गौवंश संरक्षण का निर्देश देता है, उसे और कठोर बनाया जाए। इसमें देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ-तस्करी के खिलाफ सख्त दंड का प्रावधान जोड़ा जाए। वहीं अनुच्छेद 51-ए (च) में भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत के साथ "गौ-संस्कृति के संरक्षण" को भी मूल कर्तव्य में शामिल करने की बात कही गई है। इसके अलावा 51-ए (छ) के तहत पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ देशी गौवंश के संरक्षण और संवर्धन को प्रत्येक नागरिक का दायित्व बनाने का सुझाव दिया गया है।इस मांग के पीछे सामाजिक और आर्थिक तर्क भी प्रस्तुत किए गए हैं।







### विधेयक लाने की मांग भी

सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी इस मांग को महत्वपूर्ण बताया गया है। उनका मानना है कि गाय को "राष्ट्र माता" का दर्जा देने से देश की विविधता में एकता को बढ़ावा मिलेगा और दया, करुणा तथा सह-अस्तित्व जैसे नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया जा सकेगा। अंत में, समाज के विभिन्न वर्गों—धार्मिक संगठनों, किसान समूहों और युवाओं—से इस पहल का समर्थन करने की अपील की गई है। साथ ही केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि आगामी संसद सत्र में इस विषय पर विधेयक लाकर व्यापक जनभावनाओं का सम्मान किया जाए।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

वक्ताओं का कहना है कि गौ-संरक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जैविक खेती, बायोगैस, प्राकृतिक खाद और पंचगव्य उत्पादों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि संभव है। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

### गौ हत्या को लेकर पूरे देश में एक कानून हो: गौ सेवक

गौसेवकों ने यह भी तर्क दिया कि वर्तमान में विभिन्न राज्यों में गौहत्या को लेकर अलग-अलग कानून हैं, जिससे कानूनी असमानता पैदा होती है। संविधान में संशोधन के माध्यम से पूरे देश में एक समान और सख्त कानून लागू किया जा सकता है, जिससे गौ-तस्करी पर प्रभावी रोक लगेगी।

## जेवर, बर्तन और नकदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम चौकबेड़ा के एक घर से जेवर, बर्तन और नगदी रकम चोरी के मामले में पटेवा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लोकनाथ बारले पिता कार्तिकराम बारले (34 साल) निवासी चौकबेड़ा ने बताया कि 20 अप्रैल की सुबह करीबन 06.30 बजे वह अपने परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में ग्राम घुचापाली गया था। शादी कार्यक्रम समाप्त होने बाद 25 अप्रैल की शाम को वह अपने घर लौटा। जहां उसने देखा कि कमरे में रखी पेटी नहीं थी, पेटी में2 नग सोने का लॉकेट पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 12000 रुपए, 09 नग कांसे की थाली एवं 04 नग कांसे का लोटा पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 7000 रुपए और गुल्लक में नगदी रकम करीबन 12000 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा 30 को

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमीं तथा ग्यारहवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान मुख्य अतिथि तथा सदस्यगण विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा तथा स्थानीय परीक्षा प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में समस्त कक्षा शिक्षकों द्वारा परीक्षा परिणाम तथा अंकसूची तैयार करने का कार्य द्रुतगति से किया जा रहा है। ताकि, समय पर परीक्षाफल घोषित किया जा सके। उक्त जानकारी शाला के वरिष्ठ व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने दी है।




तत्काल संपर्क करें

फील्ड कार्य के लिए 12वीं पास 15 युवक-युवतियों के लिए देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान से जुड़ने का सुनहरा अवसर....

फील्ड मार्केटिंग, सर्वे, रिपोर्टिंग, सुपरवाईजर, एजेंसी डेवलपमेंट, कैश कलेक्शन, टेलीकॉलिंग सहित अन्य कार्यों के लिए....

(प्रतिमाह-10000+इंसेंटिव)

कार्य के समय-8 घंटे

सक्षम युवक-युवतियां (युवतियों को प्राथमिकता)

संपूर्ण बायोडाटा, बैंक डिटेल और आधार कार्ड के साथ कार्यालय पहुंचकर संपर्क करें।

-कार्यालय का पता-

हरिभूमि

जिला कार्यालय प्रीतम प्राइड कॉम्प्लेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

मो.नं.99811-31365


# लोगों को झुलसा रहा अप्रैल का महीना, तापमान और बढ़ने की चेतावनी, स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अप्रैल के इस महीने में आसमान से बरस रही आग ने लोगों को झुलसा कर रख दिया है। सूरज की तीखी किरणों और बढ़ती उमस ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बदल दिया है। सुबह 9 बजे से ही गर्म हवा झुलसाना शुरू कर देती है। दोपहर होते-होते शहर की व्यस्त सड़कें सूनी नजर आने लगती है। ऐसा लगता है मानो शहर में अघोषित कर्फ्यू लग गया हो। लोग जरूरी कामकाम सुबह से निपटा रहे हैं। भीषण गर्मी का असर सबसे ज्यादा व्यापारिक गतिविधियों पर दिखाई दे रहा है। बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है।

जानकारी के अनुसार जिले का तापमान में 42-44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग की चेतावनी ने चिंता और बढ़ा दी है। आने वाले दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की आशंका है। सूरज की तेज किरणों ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। दोपहर में लोग घरों में दुबक रहे हैं। इसका ज्यादा असर व्यापारिक गतिविधियों को दिखाई दे रहा है। व्यापारियों का कहना है कि सुबह 11 बजे के बाद ग्राहकों की संख्या तेजी से घट जाती है और शाम 6 बजे के बाद ही बाजारों में रौनक लौटती है। नतीजतन, दोपहर का कारोबार लगभग ठप हो गया है।



### लोगों को सावधानी बरतने की सलाह

लगातार बढ़ते भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। डॉक्टरों के अनुसार तेज धूप और लू से बचने के लिए दोपहर में बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो चश्मा, टोपी लगाए। वहीं गमछा से सिर ढककर निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

### ठंडे पेय पदार्थों की बढ़ी डिमांड

गर्मी के बढ़ते असर के बीच ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी बढ़ गई है। गन्ने का रस, नींबू पानी और मटके का ठंडा पानी लोगों को राहत देने का काम कर रहे हैं। जूस सेंटरों और ठंडे पानी की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। लोग कुछ राहत पाने शीतला छांव की ही सहारा ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मां विंध्यवासिनी जन्मोत्सव 30 को

**रायपुर।** मां विंध्यवासिनी के जन्मोत्सव के अवसर पर विंध्याचल धाम पीयूष नगर, न्यू कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर में 30 अप्रैल को महाप्रसादी भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक जारी रहेगा। यह जानकारी छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने देते हुए बताया कि पवित्र विंध्याचल धाम में इस दौरान विशेष श्रृंगार, अनुष्ठान और मंगला आरती का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

### जगन्नाथ भगवान की जल यात्रा 3 मई को

**रायपुर।** भगवान जगन्नाथ का भव्य जल विहार, जिसे अक्सर 'चंदन यात्रा' या स्नान पूर्णिमा के बाद की लीलाओं के रूप में जाना जाता है। इसी कड़ी में 3 मई को कुशालपुर स्थित खो-खो तालाब में महाप्रभु जगन्नाथ जी का शाम 5 बजे से 6 बजे तक नौका विहार करेंगे। इसके बाद शाम 6 बजे महाआरती होगी। यह जानकारी छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने देते हुए बताया कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी को 108 कलशों के पवित्र जल से स्नान कराया जाता है।

**जांच पर सवाल : जम्हर के जंगल में सागौन पेड़ों की कटाई का मामला**

# 100 पेड़ों की अवैध कटाई साबित फिर भी दोबारा जांच का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)





जम्हर के जंगल में सागौन वृक्षों की बड़े पैमाने पर हुई अवैध कटाई का मामला और गंभीर रूप लेता जा रहा है। राज्य स्तरीय उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विषय विशेषज्ञ द्वारा विस्तृत जांच किए जाने और तथ्य सामने आने के बावजूद वन विभाग द्वारा पुनः जांच कराए जाने की प्रक्रिया शुरू करने से पूरे मामले में पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि जनवरी माह में ग्राम जम्हर के जंगल में वर्षों पुराने परिपक्व सागौन वृक्षों की अंधाधुंध अवैध कटाई की गई थी। प्रारंभिक स्तर पर वन विभाग द्वारा इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया गया और कटे हुए पेड़ों की वास्तविक संख्या को कम दर्शाते हुए प्रतिवेदन तैयार किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी. श्रीनिवास राव एवं मुख्य वन संरक्षक मनिवासगन से लिखित शिकायत हुई और निष्पक्ष जांच की मांग की गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुसंधान एवं मूल्यांकन कौशलेंद्र कुमार के निर्देश पर 17 फरवरी 2026 को विषय विशेषज्ञ केआर ऊके द्वारा मौके पर पहुंचकर विस्तृत जांच की गई। इस दौरान शिकायतकर्ता और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जांच में वर्ष 1961 से 1965 के बीच रोपित 100 नग परिपक्व सागौन वृक्षों की अवैध कटाई की पुष्टि हुई। इन पेड़ों का कुल आयतन 52.17 घनमीटर आंका गया। यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि दशकों में तैयार हुई वन संपदा की बड़ी क्षति मानी जा रही है। इसी जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। दोबारा जांच की कोई आवश्यकता नहीं है। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक रायपुर शालिनी रैना का कहना है कि विषय विशेषज्ञ द्वारा जांच पहले ही की जा चुकी है।

### अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध

सूत्रों के अनुसार जांच रिपोर्ट में संबंधित क्षेत्र के वन अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है, जिसके चलते उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। वर्तमान में यह पूरा प्रकरण अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक शालिनी रैना के समक्ष विचाराधीन है। वन मंडलाधिकारी महासमुंद के निर्देश पर सरायपाली के वन एसडीओ उदेराम बंसत को दोबारा जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। विभाग के इस कदम को लेकर यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं मामले को लंबा खींचकर या तथ्यों को कमजोर कर दोषियों को बचाने की कोशिश तो नहीं की जा रही।

### पुनः जांच का कड़ा विरोध

इधर, शिकायतकर्ता ने पुनः जांच के आदेश का कड़ा विरोध करते हुए लिखित आपत्ति दर्ज करते हुए कहा है कि जब राज्य स्तर के विषय विशेषज्ञ द्वारा निष्पक्ष जांच पूरी हो चुकी है और उसमें स्पष्ट रूप से अवैध कटाई की पुष्टि हो चुकी है, तो पुनः जांच कराने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने मांग की है कि पूर्व में प्रस्तुत जांच रिपोर्ट को ही आधार मानते हुए दोषी अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए।

## खाद-बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**बसना।** विकासखंड बसना के खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाई विक्रेताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एकजुट होकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने 12 प्रमुख मांगों को शामिल करते हुए शासन-प्रशासन से त्वरित समाधान की मांग की है।

विक्रेताओं का कहना है कि वर्तमान में विभागीय कार्यवाही के नाम पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे छोटे व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से उपसंचालक, कृषि विभाग महासमुंद द्वारा छोटी-छोटी त्रुटियों पर भी लाइसेंस निरस्त करने जैसी सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कई बार तकनीकी या कागजी कमियों के चलते बिना पर्याप्त समय दिए ही लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है, जो न्यायसंगत नहीं है। व्यापारियों ने मांग की है कि ऐसी परिस्थितियों में पहले सुधार का अवसर दिया जाए और तत्पश्चात ही कोई कड़ी कार्रवाई की जाए। विक्रेताओं ने अपने 12 सूत्रीय मांगपत्र में लाइसेंस नवीनीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने, निरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने, अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने तथा व्यापारियों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। ज्ञापन सौंपते समय विक्रेताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आगे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान बसना विकासखंड के कई खाद-बीज एवं कीटनाशक विक्रेता उपस्थित रहे और एक स्वर में अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की।

## चड्ढा और पाठक सहित 7 सांसदों ने जनता और लोकतंत्र के साथ किया विश्वासघात : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि आप पार्टी आज सत्ता के ज्यादतियों के समक्ष मजबूती से खड़ी है, जनता के मुद्दों पर निर्णायक संघर्ष कर रही है और देश में ईमानदार राजनीति का मजबूत विकल्प बन चुकी है, ऐसे समय में कुछ नेताओं का भाजपा में जाना उनकी सत्ता लोलुपता को उजागर करता है। यह भाजपा द्वारा रचे गए व्यापक राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है, जिसके माध्यम से जनता और लोकतंत्र के साथ मजाक और विश्वासघात किया गया है। चूंकि, उन्हें राज्यसभा सांसद तो आम आदमी पार्टी ने बनाया था, वे कुर्सी के साथ जा सकते हैं, लेकिन जनता का विश्वास अपने साथ नहीं ले जा सकते। बता दें कि आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंदर गुप्ता भाजपा में शामिल हो गए हैं।

### जितेंद्र अध्यक्ष, निरंजन बने प्रगतिशील यादव महासंघ के महासचिव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ का चुनाव रविवार को शहीद स्मारक स्थित महासंघ के कार्यालय में हुआ। चुनाव अधिकारी डा. नरसिंह यादव ने पदाधिकारी के नाम की घोषणा की। इसमें अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर यादव, उपाध्यक्ष शोभा यादव, राजेश यादव, शशिकांत यादव और महासचिव निरंजन सिंह यादव को बनाया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों में उप महासचिव रविंद्र सिंह यादव, सहायक महासचिव अरुण श्रीकांत यादव, कोषाध्यक्ष रामलाल यादव, संगठन सचिव सोमेंद्र यादव, प्रमुख सचिव सुजीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र प्रसाद यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, उपेंद्र सिंह यादव, राहुल यादव, सांस्कृतिक सचिव बेबी यादव, प्रमुख सलाहकार सत्येंद्र यादव, जनसंपर्क अधिकारी अशोक यादव एवं मीडिया प्रभारी राकेश यदु चुने गए। नवनिर्वाचित महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह अतिशीघ्र किया जाएगा।

## तोषगांव में जिला स्तरीय प्रयास आवासीय विद्यालय मॉडल टेस्ट परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

फुलझर अंचल के ऐतिहासिक गांव तोषगांव में प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए अभ्यास परीक्षा का आयोजन किया गया। सभी परीक्षार्थी पालक एवं अधिकारी कर्मचारी फुलझर सेवा समिति के संस्थापक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित जयदेव सतपथी की मूर्ति पर पुष्पांजली अर्पित कर परीक्षा संचालन प्रारंभ किया गया। इस परीक्षा में महासमुंद, सारंगढ़ एवं बलौदाबाजार जिले के 410 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास परीक्षा का मुख्य उद्देश्य 2 मई को आयोजित राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा एवं 10 मई को प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी का परीक्षण करना है। अभ्यास परीक्षा में सभी बच्चों को ओएमआर शीट भरना, प्रश्नों को गहनता से अध्ययन कर समय प्रबंधन के साथ हल करना एवं बच्चों के अध्ययन अध्यापन को प्रतियोगी परीक्षा की दृष्टि से सही मार्गदर्शन प्रदान करना है।

उक्त परीक्षा आयोजन में संकुल तोरेसिंहा के शिक्षकों, तोषगांव के नागरिकों एवं स्थानीय शिक्षकों का योगदान है, जिन्होंने पूरे जिले के छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निःशुल्क रूप से अभ्यास परीक्षा का आयोजन किया है। यह परीक्षा जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी आर शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल, विकासखंड स्रोत समन्वयक देवानंद नायक, संकुल प्रभारी आरके भोई के संयुक्त मार्गदर्शन में एवं संयोजक संकुल समन्वयक संजीत कुमार पात्रो, केंद्राध्यक्ष प्राचार्य बीआर भोई, परीक्षा के प्रभारी व नियंत्रक प्रधानपाठक सेवाशंकर साहू, डाटा आपरेट प्रभारी सक्रिय शिक्षक विवेक प्रधान व संकुल के समस्त प्रधान पाठकों के संयुक्त नेतृत्व में तृतीय संस्करण का आयोजन संकुल केंद्र तोरेसिंहा, परीक्षा केंद्र शासकीय ग्रामीण हायर सेकंडरी स्कूल तोषगांव में किया गया। इस टेस्ट परीक्षा में सरायपाली, बसना, पिथौरा, बागबाहरा एवं बरमकेला विकासखण्ड से 410 प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए अपने तैयारी को परखा व जांचा। परीक्षा के बाद छात्रों को परिणाम से अवगत कराते हुए प्रयास परीक्षा में सफलता के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए।

कार्यक्रम में रमाकांत पात्र, कमलासन आचार्य ओमप्रकाश छत्रपति, अजय पात्र, भूपेश प्रधान, अरुण प्रधान (वरिष्ठ शिक्षक), विशीकेशन साहू, अनिता प्रधान, मंदाकिनी प्रधान, मंजू पात्रो, मोहिता प्रधान, बालकृष्ण प्रधान, गिरधारी निषाद, देवेंद्र छत्रपति, मनोहर प्रधान, राजेन्द्र सिदार, शांतिभूषण भोई, हेमसागर प्रधान, हृषिकेश प्रधान, सनथ प्रधान, धरणीधर साहू, बंसत प्रधान, स्वरूपा भोई, कुलेंद्र नेताम, विजय गोपाल प्रधान, हितेश साहू, घनश्याम पाणिग्राही, हरे राम भोई, किरण डनसना आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। पर्यवेक्षक कार्य परिणिता प्रधान देवेश प्रधान चूड़ामणि साव केदारनाथ प्रधान, अनिता साहू सौरभ साहू, आशीष भोई, लक्ष्मीकांत पात्र आदि व्याख्याता ने दिया। जिला शिक्षा अधिकारी लहरे एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल, बीआरसीसी देवानंद नायक, संकुल प्राचार्य आरके भोई ने आयोजन की सराहना की।

### वैश्विक संकट का असर अब चाय-नाश्ते की दुकानों और होटलों में दिख रहा

**रायपुर ।** अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के वैश्विक संकट का असर अब चाय-नाश्ते की दुकानों और होटलों पर दिखने लगा है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने और तेल के दामों में भारी वृद्धि के कारण छोटे होटल और फास्ट फूड दुकानदारों की लागत बढ़ गई है और उन्होंने नाश्ते के दाम बढ़ा दिए हैं। इसका सीधा असर ग्राहकों की जेब पर पड़ रहा है। मार्च से शुरू हुए संकट के बाद अप्रैल से पूरे शहर में हर जगह पर नाश्ते के नए रेट लिस्ट जारी कर दिए गए हैं। शहर के कई प्रमुख इलाकों में नाश्ते की दुकानों पर दाम बढ़ने लगे हैं। एक स्वीट्स की दुकान में मार्च तक जो समोसा 30 रुपये प्लेट में मिल रहा था, वह अब 35 रुपये प्लेट में बिक रहा है। आलू पेटीस का दाम 25 रुपये से बढ़कर 30 रुपये हो गया है। दही फुल्की की प्लेट, जो पहले 30 रुपये में मिलती थी, अब 40 रुपये में दी जा रही है। समोसा-कचोरी समेत फास्ट फूड 10 से 25 प्रतिशत महंगे हो गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि वैश्विक संकट के बाद कार्मशियल गैस मिल नहीं रहा, ब्लैक में महंगा मिल रहा है। वहीं तेल की कीमतों में 10-12 रुपए की बढ़ोत्तरी हो चुकी है। कोतवाली के पास सड़क किनारे समोसा, कचोरी बेचने वाले ने बताया कि हमारी दुकान पिछले 20 सालों से यहां चल रही है। लोगों की डिमांड के अनुसार समान तैयार करते हैं, गैस की किल्लत और खाद्य तेल की कीमतों में वृद्धि से ऐसे में लागत निकालना मुश्किल हो रहा है। दाम 20 प्रतिशत बढ़ाया गया है।

## 5.25 लाख छात्र ऐसे जो उत्तीर्ण, लेकिन अंक सुधारने फिर देंगे परीक्षा

- द्वितीय परीक्षा के लिए 6.68 आवेदन इनमें फेल छात्र सिर्फ 85 हजार
- प्रथम परीक्षा में शामिल हुए थे 24.83 लाख छात्र, इनमें 93.70% रहे उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 के दूसरे संस्करण के लिए 6.68 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। बोर्ड के अनुसार, इनमें से अधिकतर आवेदन मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों में सुधार (इम्प्रूवमेंट) के लिए हैं, जिनके परिणाम इसी महीने की शुरुआत में घोषित किए गए थे। आंकड़ों के अनुसार 6,68,854 नियमित (रेगुलर) छात्रों ने दूसरे संस्करण के लिए आवेदन किया है। इनमें से 5,25,655 छात्रों ने केवल अंक सुधार के लिए आवेदन किया है, जबकि 85,285 छात्र कंपार्टमेंट श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। इसके अलावा 57,914 छात्रों ने कंपार्टमेंट और इम्प्रूवमेंट दोनों श्रेणियों में आवेदन किया है। इस परीक्षा के लिए 2,66,209 बालिका उम्मीदवार और 4,02,643 बालक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है, जबकि दो उम्मीदवार 'अन्य' श्रेणी में आते हैं।

गौरतलब है कि मुख्य परीक्षा में 24,83,479 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 24,71,777 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 23,16,008 छात्र उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.70% दर्ज किया गया।

### इम्प्रूवमेंट के अवसर

*जो छात्र पहली परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके हैं, वे अधिकतम तीन विषयों विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 1,92,508 छात्रों ने एक विषय के लिए आवेदन किया है। 2,79,227 छात्रों ने दो विषयों के लिए आवेदन किया है। 1,97,119 छात्रों ने तीन विषयों के लिए आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त, 9,765 प्राइवेट उम्मीदवारों ने भी आवेदन किया है। इनमें 8,323 उम्मीदवार तीसरे अवसर (थर्ड चांस) के तहत और 1,442 उम्मीदवार पहले अवसर (फर्स्ट चांस) के तहत शामिल हैं।*

### परीक्षा तिथियां और प्रक्रिया

*सीबीएसई के अनुसार, दूसरी बोर्ड परीक्षा 15 मई 2026 से शुरू होगी और 21 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा की डेटशीट 23 अप्रैल 2026 को जारी की जा चुकी है, जिसे आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बोर्ड ने यह भी बताया कि सभी प्री-एग्जाम प्रक्रियाएं, जैसे एलओसी (**List of Candidates**) जमा करना और डेटशीट जारी करना, समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूर्ण कर लिए गए हैं।*

### दो-एडिशन प्रणाली की शुरुआत

सीबीएसई ने वर्ष 2026 से कक्षा 10 बोर्ड परीक्षाओं के लिए दो-एडिशन प्रणाली लागू की है। इसके तहत छात्रों को पहले (मुख्य) परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है, जबकि दूसरी परीक्षा उन छात्रों के लिए एक अतिरिक्त अवसर के रूप में कार्य करती है जो कंपार्टमेंट में हैं या अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। इस नई प्रणाली के अनुसार, दोनों परीक्षाओं में से प्राप्त सर्वोत्तम अंक (बेस्ट स्कोर) को अंतिम मार्कशीट-सह-प्रमाणपत्र में शामिल किया जाएगा।

## एयरपोर्ट की सवारी पर विवाद, एक आटो चालक ने दूसरे का सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालकों के बीच खूनी संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा। एक ऐसी ही घटना में एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक के सिर पर बोतल से हमला कर सिर फोड़ दिया।



- एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक का बोतल से सिर फोड़ा

बताया जा रहा है, सवारी बैठाने को लेकर दोनों ऑटो चालकों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक के साथ झगड़ा करते हुए सिर फोड़ दिया। माना पुलिस ने बोतल से हमला करने वाले ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। परमानंद धृतलहरे की शिकायत पर पुलिस ने जुबेर खान के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। परमानंद और जुबेर एयरपोर्ट के बाहर ऑटो चलाते हैं। शुक्रवार रात सवारी को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, इस बीच दोनों के बीच हाथापाई हुई।

## निगम के 2100 बोरवेल और 800 पावर पंप, पर सैंपलिंग सिर्फ 25 की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




नगर निगम के शहर में 2100 बोरवेल और 800 पावरपंप के पानी के नमूने जांचने फिल्टर प्लांट के 2 लैब कम पड़ रहे हैं। एक दिन में 20 से 25 सैंपल की जांच की व्यवस्था होने और जांच रिपोर्ट आने में 72 घंटे लगने की समय अवधि ने निगम प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। यही हाल रहा तो गर्मी के सीजन में शहर के सारे बोरवेल और पावरपंपों के पानी सैंपल की जांच कैसे होगी, यह एक बड़ा सवाल है। इससे आम जनता की सेहत दांव पर लगी है। राजधानी के अंदरूनी इलाके सहित आउटर के वार्डो में गहराते भूजल स्त्रोत ने जहां आम आदमी की चिंता बढ़ाई है, वहीं नगर निगम के सार्वजनिक बोरवेल और पावरपंप से पानी पीना सुरक्षित नहीं रहा। हालांकि जल विभाग रोजाना औसतन 20 से 25 पानी सैंपल अलग-अलग इलाकों से कलेक्ट कर इसकी जांच फिल्टर प्लांट स्थित अपने 2 लैब में करा रहा है, पर शहर के विस्तार को देखते हुए यह प्रयास नाकाफी है। शहर की नई, पुरानी 45 पानी टंकियों में पहुंचने वाले 300 एमएलडी पानी की आपूर्ति से पहले हर 3 दिन में जांच फिल्टर प्लांट के अधिकारी कर रहे हैं।

- गर्मी के सीजन में कैसे पूरी होगी भूजल स्त्रोत के नमूनों की जांच

### 2 लैब से करा रहे पानी सैंपल की जांच

जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र के मुताबिक नगर निगम का जल विभाग अपने 2 लैब के अलावा भाठागांव के फिल्टर प्लांट परिसर में निर्मित नए 80 प्लांट के लेब से पानी सैंपल की जांच करा रहा है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर पीएचई विभाग की राज्य स्तरीय प्रयोगशाला की मदद से पानी सैंपल की जांच कराएगा। इससे पानी के सैंपल की जांच में जहां तेजी आएगी,वहीं गर्मी के सीजन में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में आसानी होगी। पीएचई विभाग की भाठागांव स्थित प्रयोगशाला में निर्धारित शुल्क लेकर पानी सैंपल की जांच की व्यवस्था है।

**20 मई से 15 मार्च 2027 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं**

## छत्तीसगढ़ में शराब दुकानों में खुलेंगे अहाते, पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेगा ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य की देशी, विदेशी और कम्पोजिट मदिरा दुकानों से संलग्न अहातों के आवंटन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। शासन के आदेशानुसार, इन अहातों का प्रबंधन पहले आओ, पहले पाओ की नीति के तहत ऑनलाइन निविदा पद्धति से किया जाएगा। आबकारी आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इच्छुक निविदादाता 20 मई से 15 मार्च 2027 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट उपयोग किया जा सकता है। निविदा जमा करने की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। सफल पंजीकरण के बाद आवेदक को उनके मोबाइल नंबर और ईमेल पर वास्तविक पंजीकरण संख्या भेजी जाएगी, जो भविष्य में चयन प्रक्रिया के लिए अनिवार्य होगी।



### कितनी लगेगी फीस

प्रत्येक अहाते के लिए 5हजार रुपये की नॉन-रिफंडेबल प्रोसेस फीस निर्धारित की गई है। अर्नेस्ट मनी निविदादाता को अपनी निविदा राशि का 5 प्रतिशत हिस्सा अर्नेस्ट मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। यह राशि चयन के बाद लाइसेंस फीस में समायोजित की जा सकेगी।

### पात्रता के लिए ये होगा मानदंड

आवेदक का भारत का नागरिक होना और 21 वर्ष से अधिक आयु का होना अनिवार्य है। निविदादाता के पास स्थायी खाता संख्या (पैन) होना चाहिए। आवेदक का चरित्र निष्कलंक होना चाहिए और उसके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला या आबकारी विभाग का बकाया नहीं होना चाहिए। मदिरा के विनिर्माण, परिवहन या थोक विक्रय से जुड़े व्यक्ति इस निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे। आवंटित लाइसेंस 1 जून 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए वैध होंगे। कोई भी एकल निविदादाता (व्यक्ति, फर्म या कंपनी) किसी एक जिले में दो से अधिक अहातों के समूह का लाइसेंस प्राप्त नहीं कर सकता। लाइसेंस जारी करने के लिए जिले के कलेक्टर को अधिकृत 'अनुज्ञापन प्राधिकारी' नियुक्त किया गया है।

### चयन और दस्तावेज सत्यापन

चयनित निविदादाता को सूचना मिलने के दो कार्य दिवस के भीतर अपने मूल दस्तावेजों (जैसे आयु प्रमाण, स्थायी निवास प्रमाण और पैन कार्ड) के साथ अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होना होगा। यदि चयनित आवेदक समय पर वांछित धनराशि जमा करने में विफल रहता है, तो उसका चयन निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित की जा सकेगी। किसी भी तकनीकी सहायता के लिए विभाग ने रायपुर कार्यालय में हेल्पलाइन नंबर 0771-2512609 भी जारी किया है, जहां कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**



## मोहिनी एकादशी पर महिलाओं ने रखा व्रत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में मोहिनी एकादशी व्रत रखकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। मोहिनी एकादशी वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मोहिनी एकादशी व्रत किया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप की पूजा-अर्चना करते हैं। मान्यता है कि इसी तिथि पर भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया था, इसलिए इस एकादशी का नाम मोहिनी एकादशी रखा गया था। पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन के समय जब अमृत प्राप्त हुआ तो देवताओं और असुरों के बीच उसे पीने के लिए युद्ध होने लगा। बल के आधार पर देवता असुरों से जीत नहीं पा रहे थे, ऐसे में भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया और असुरों को अपने मोह में बांध लिया।

## साहू समाज युवा प्रकोष्ठ ने शीतल शरबत पिलाकर मनाया सेवा सप्ताह

**कुरूद।** जिला साहू समाज धमतरी के युवा प्रकोष्ठ ने दानवीर भामाशाह की जयंती को सेवा सप्ताह के रूप में मनाते हुए मानवता और सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश की है। इस दौरान नगर पंचायत भखारा में तपती गर्मी से राहत दिलाने राहगीरों को मीठे शीतल पेयजल पिलाया गया। गौरतलब है कि सेवा सप्ताह अंतर्गत 21 अप्रैल को धमतरी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बाइक चालकों को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। इसके पश्चात 26 अप्रैल को नगर पंचायत भखारा में भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को ठंडा शरबत और जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई।

# शिक्षा और एकजुटता ही समाज का असली गहना: द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऐतिहासिक नगरी सिरपुर की धरती आज कोसरिया यादव समाज के जयकारों से गूंजायमान हो उठी। अवसर था कोसरिया यादव समाज महासभा के वार्षिक सम्मेलन, सम्मान समारोह और आदर्श विवाह का। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के पहुंचने पर समाज के लोगों ने गर्मजोशी और भव्यता के साथ उनका स्वागत किया।

सोमवार को विधायक द्वारिकाधीश यादव जैसे ही सिरपुर के यज्ञ शाला परिसर पहुंचे, समाज के युवाओं और वरिष्ठों ने गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ उनकी अगवानी की। समाज के लोगों ने उन्हें मालाओं से लाद





दिया और फूल बरसाकर भव्य जुलूस के रूप में मंच तक लेकर आए। स्वागत का यह दृश्य समाज की एकजुटता और अपने नेतृत्व के प्रति अपार स्नेह को प्रदर्शित कर रहा था। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने संबोधन में समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस समाज के पास शिक्षा की शक्ति है, उसे कोई पीछे नहीं छोड़ सकता। आज कोसरिया यादव समाज ने जिस भव्यता और एकता का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। हमें फिजूलखर्ची छोड़कर आदर्श विवाह को बढ़ावा देना चाहिए और अपने बच्चों के भविष्य को शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल बनाना चाहिए।

### आदर्श विवाह और सम्मान की अनूठी पहल: विधायक

महासभा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कई जोड़ों का आदर्श विवाह संपन्न कराया गया, जिसे विधायक यादव ने समाज की प्रगति के लिए मील का पत्थर बताया। साथ ही समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राधेलाल यादव, विनोद यादव, गज्जू यादव, रामानंद यादव, संजय यादव, भुवनेश्वर यादव, लक्ष्मण पटेल, किरण यदु, रिंकी यादव, कुसुम यादव, प्रमिला यादव, लक्ष्मी यादव सहित सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**तैयारी:** 9 मई को न्यायालय भवन में आयोजित होगी लोक अदालत

# लोक अदालतों के माध्यम से समाधान हो जाने पर पक्षकारों व आम जनता में बढ़ा विश्वास : एडीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नेशनल लोक अदालत को मिल रही

**लोक अदालतों को मिल रही भारी सफलता पक्षकारों, अधिवक्ताओं पीड़ितों व मीडिया का अहम योगदान**

सफलता के पीछे पक्षकारों के आपसी समझौता, समझ व सहयोगात्मक दृष्टिकोण की वजह से लोक अदालतों को निरंतर सफलता मिल रही है। वर्षों से न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों को मिनटों में लोक अदालतों के माध्यम से समाधान हो जाने से पक्षकारों व आमजनता में लोक अदालतों के आयोजनों के प्रति सम्मान व विश्वास दोनों बढ़ा है। इस सफलता में पक्षकारों, अधिवक्ताओं, पीड़ितों व मीडिया का अहम योगदान है, जिनकी वजह से लगातार लोक अदालतों के आयोजनों को सफलता मिल रही है।

उक्त कथन सरायपाली न्यायालय में पदस्थ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन द्वारा दिए गए एक साक्षात्कार के दौरान व्यक्त किया गया। आगामी 9 मई को न्यायालय भवन में आयोजित लोक अदालत शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए एडीजे वंदना देवांगन ने कहा कि आप सभी के इन प्रयासों व सहयोगात्मक दृष्टिकोण के कारण ही पक्षकारों के न्यायालयों में वर्षों से न्याय के लिए जूझ रहे पक्षकारों को आर्थिक, सामाजिक, मानसिक व अनावश्यक रूप से हो रहे खर्चों को देखते हुए लोक अदालत शिविरों की शुरुआत की गई। जिसे उम्मीद से अधिक सफलता मिल रही है। इसके पीछे निःशुल्क, त्वरित समाधान व विश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका है।

एडीजे वंदना देवांगन ने आगे बताया कि लोक अदालत व न्यायालय सिर्फ न्यायालय भवन तक सीमित नहीं है बल्कि, वे सामाजिक दायित्वों के प्रति भी सकारात्मक सोच रखते हैं। उनकी



मंशा है कि नगर या क्षेत्र में अनाथ व विक्षिप्त तरीके से घूमने व रहने वाले लोगों की भी सामाजिक स्तर पर उन्हें सहयोग किया जाना चाहिए। ताकि, उन्हें भी सामाजिक स्तर पर जीवन जीने का लाभ मिल सके। वहीं गरीब व निर्धन युवतियां जिनका विवाह इन कारणों से नहीं हो पा रहा है उनका भी सहयोग सामाजिक संस्थाओ के माध्यम से किया जाना चाहिए।

ज्ञातव्य हो कि आगामी 9 मई को न्यायालय भवन में लोक अदालत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके व आपसी समझौते के तहत प्रकरणों का समाधान किया सके। इसके लिए राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार, वर्षों से लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणो एवं प्री-लिटिगेशन चरण के प्रकरणों में अधिक से अधिक प्रकरणों का निष्पादन को लेकर एडीजे द्वारा बैठकों व तैयारियों के लिए बैठक की जा रही है। बैठकों में उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए कहा की 09 मई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे अपने सुलहनीय वादों में से कम से कम एक-एक वाद का निष्पादन अवश्य कराएं।

बैठक में सभी संबंधितों पक्षकारों व अधिवक्ताओं से राजीनामा योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर प्रकरण के पक्षकारों से आपसी समझौता नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहार वाद, मोटर दुर्घटना दावा, परिवारिक विवाद, जिला न्यायालय में वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरणों एवं बैंक ऋऋण, विद्युत, जल के बकाया देयकों आदि संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरण रखे जाएंगे। एडीजे वंदना दीपक देवांगन ने आमजनों से अपील की है कि आगामी 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों गण उपस्थित होकर लोक अदालत के सेवाओं का लाभ उठाएं।

## प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट 5 को

**सरायपाली।** प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए बलौदा में एक महत्वपूर्ण मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। यह मॉक टेस्ट 05 मई को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित होगा। परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बलौदा (विखं सरायपाली) निर्धारित किया गया है। मॉक टेस्ट के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 गुरुवार, शाम 6 बजे तक रखी गई है। इच्छुक विद्यार्थी समय पर पंजीयन कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। पंजीयन संबंधी जानकारी के लिए देवेश कुमार भोई, माधव प्रसाद पंडा एवं हेमसागर प्रधान से संपर्क किया जा सकता है। आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह टेस्ट पूर्णतः निःशुल्क होगा तथा सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है। परीक्षा ओएमआर शीट पर आयोजित की जाएगी और इसका माध्यम हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों रहेगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटा पूर्व केंद्र पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। इस मॉक टेस्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा के प्रारूप से परिचित कराना तथा उनकी तैयारी को बेहतर बनाना है। संकुल प्राचार्य एके सतपथी, संकुल समन्वयक हारून गार्डिया एवं संकुल स्त्रोत केंद्र परिवार बलौदा द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। ग्राम पंचायत बलौदा के सरपंच सरस्वती सरोज सेठ एवं आयोजकों द्वारा क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों से इस मॉक टेस्ट में भाग लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की अपील की है।

# महामाया तालाब में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान, नपाध्यक्ष भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर सोमवार को पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा नगर के कुलदेवी मां महामाया तालाब में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सुबह 6 बजे से शुरू सफाई कार्य में पालिका के 70–80 कर्मचारियों ने 11 बजे तक महामाया तालाब तथा मंदिर के आसपास क्षेत्र से 2 डंपर कचरा निकाला। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू भी उपस्थित रहकर स्वयं सफाई कार्य करते



दिखे। अध्यक्ष ने तालाब से कचरा निकालकर कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया। साहू ने कहा कि महामाया तालाब से शहर वासियों की आस्था जुड़ी है। लोग मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आते हैं। मंदिर आने वालों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही महामाया तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, सफाई सुपरवाइजर जीतू सोनी, मुंशी महेश कुमार, वीर कुमार, जितेंद्र सोनी, गोपाल सोना, मनोज कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को दिया जा रहा है काम लेकिन, तीन माह से पारिश्रमिक भुगतान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को काम तो दिया जा रहा है, लेकिन उनके पारिश्रमिक का भुगतान 3 महीनों से लंबित है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां एक तरफ भाजपा सुशासन की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ पसीना बहाने वाले मजदूरों को उनके हक का पैसा नहीं मिल रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।

उन्होंने बुजुर्गों, विधवाओं के पेंशन के रुकने या समय पर न मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि साय सरकार में कई पात्र हितग्राही दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। चावल वितरण को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठाए करते हुए कहा कि राशन कार्ड नवीनीकरण और ई-केवाईसी की जटिल प्रक्रिया के कारण आम जनता परेशान



है। चावल लेने के लिए गरीब मजदूरों को घंटों लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे उनका उस दिन का काम भी छूट जाता है। रश्मि ने भाजपा सरकार की 3 महीने का राशन एक साथ देने की नीति पर सवाल उठाते हुए इसे आम जनता और सेल्समैन दोनों के लिए परेशानी का सबब बताया है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह लाइन लगाने वाली सरकार है। भाजपा सरकार की नीतियां व्यवस्थित होने के बजाय लोगों को परेशान करने वाली होती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यप्रणाली हमेशा लोगों को लंबी लाइनों में खड़ा करने की रही है। एक साथ 3 महीने का चावल बांटने से दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे अव्यवस्था फैल रही है। हितग्राहियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनकी दैनिक मजदूरी और समय का नुकसान हो रहा है। राशनकार्ड धारकों (हितग्राहियों) के लिए एक साथ भारी मात्रा में चावल ले जाना और उसे सुरक्षित रखना कठिन हो रहा है। एक साथ 3 महीने का चावल (जैसे 100-150 किलो) घर ले जाने के लिए अतिरिक्त पैसे खर्च कर वाहन करना पड़ रहा है। गरीब परिवारों के पास इतने बड़े पैमाने पर अनाज को कीड़े-मकोड़ों और नमी से बचाकर रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि राशन दुकान संचालकों और सेल्समैन ने भी इस व्यवस्था पर आपत्ति जताई है। स्टॉक की कमी दुकानों में एक साथ इतना सारा चावल रखने के लिए जगह कम पड़ रही है। सर्वर और ई-पॉश मशीन भारी भीड़ के कारण सर्वर डाउन होने की समस्या आ रही है, जिससे वितरण की गति धीमी हो गई है।

# छत्तीसगढ़ के हरे-भरे जंगलों की कटाई का परिणाम है तापमान में वृद्धि : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में आसमान से धूप नहीं आग बरस रही है, हालात इतने भयावह है कि दोपहर में सड़कें सूनी पड़ जाती है। लोग घरों में कैद होने मजबूर हैं। घर के अंदर भी राहत नहीं मिल पा रही है। कूलर, पंखे जवाब देने लगे हैं। पहली बार महासमुंद जिला सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में शामिल हुआ है। इसका प्रमुख कारण है छत्तीसगढ़ के हरे-भरे जंगलों से लाखों पेड़ों की अंधाधुंध कटाई। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश के तापमान में हो रही लगातार वृद्धि को लेकर व्यक्त किए। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार के अडाणी परस्ती व गलत नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ की आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश के हरे-भरे जंगलों से लाखों पेड़ काटने की अनुमति अडाणी को दे दी गई। छत्तीसगढ़ में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और वनों के विनाश के कारण राज्य के तापमान में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। कोयला, बॉक्साइट और अन्य खनिजों के खनन के लिए जंगलों को काटा जा रहा है। जिससे न केवल गर्मी बढ़ रही है, बल्कि जल संकट भी गंभीर होता जा रहा है। छत्तीसगढ़ का शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में पहले गर्मी के दिनों में भी इतनी ठंड रहती थी कि वहां लोग ग्रीष्म ऋतु में भी ठंड का अहसास करते थे। हसदेव सहित प्रदेश के चारो दिशाओं के जंगलों की अंधाधुंध कटाई के परिणाम स्वरूप आज मैनपाट में लू जैसे हालात सामने आ रहे हैं। मैनपाट के समीप स्थित जंगलों में बॉक्साइट उत्खनन के लिए पेड़ों की लगातार हो रही अंधाधुंध कटाई के कारण मैनपाट अपनी पहचान खो रहा है।



पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पेड़ों की कटाई का सिलसिला ऐसे ही जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं कि भारत के सबसे गर्म राज्यों में छत्तीसगढ़ टाप टेन पर रहेगा। हसदेव जैसे हजारों हेक्टेयर में फैले वर्षावन को अडाणी के मेगा प्रोजेक्ट कोयला उत्खनन के लिए दांव पर लगा दिया गया है। भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ के भविष्य को वर्तमान की कीमत पर बेच रहा है। वनों की कटाई के लिए पेसा कानून के सारे नियमों को ताक पर रखकर केवल उद्योगपति मित्र को लाभ पहुंचाया जा रहा है। भाजपा ने जंगलों के महत्व कम कर वनों की कटाई के लिए अनुमति दी। इस गंभीर मुद्दे पर जनता का ध्यान ना जाए इसलिए पेड़ लगाने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया गया। भाजपा की सरकार प्रदेशवासियों से उनका हरे-भरे जंगलों से लाखों पेड़ काटकर कह रहे हैं कि वे एक पौधा लगाकर अपना कर्तव्य पूरा कर लें। भाजपा की यह पर्यावरण नीति नहीं, नैरेटिव मैनेजमेंट है। यह वह तरीका है, जिसमें समस्या का हल नहीं किया जाता, बल्कि उसे भावनात्मक विकल्प दे दिया जाता है। आज छत्तीसगढ़ से जंगल लगातार काटे जा रहे हैं, तापमान 45 डिग्री पहुंच गया है। यह अचानक नहीं हुआ, यह धीरे-धीरे प्रदेश के जंगलों की योजनाबद्ध तरीके से हो रही कटाई का परिणाम है। भाजपा आज निजी स्वार्थ के लिए छत्तीसगढ़ का हसदेव अरण्य का घने जंगल, वन्य प्राणियों का सुरक्षित आवास और आदिवासियों की संस्कृति, सभ्यता सबको खतरे में डाल दिया है।

# महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1 लाख 57 हजार 359 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का ई-केवाईसी का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेंद्र जटवार ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ इस अभियान के तहत जिले में कुल 3 लाख 3 हजार 808 हितग्राहियों का ई-केवाईसी किया जाना निर्धारित है। अब तक 1 लाख 57 हजार 359 हितग्राहियों का ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है, शेष 1 लाख 46 हजार 449 हितग्राहियों का ई-केवाईसी 30 जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी जटवार ने बताया कि शेष हितग्राहियों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में चयनित ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालय भवनों में वीएलई के माध्यम से विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक हितग्राही सुविधाजनक तरीके से ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण



कर सकें। उन्होंने बताया कि जिन हितग्राहियों के आधार से संबंधित त्रुटियां थीं, उनका निराकरण राज्य स्तर पर ऑटो करेक्शन के माध्यम से कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को त्रुटि सुधार के लिए परियोजना या जिला कार्यालय जाने अथवा आवेदन पत्र भरने की आवश्यकता नहीं है। हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे किसी भी भ्रामक जानकारी के आधार पर कार्यालयों में अनावश्यक भीड़ न लगाएं और अपने नजदीकी शिविर में जाकर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराएं। यदि किसी हितग्राही का ई-केवाईसी रिजेक्ट हो जाता है, तो वे दो दिन बाद पुनः प्रयास करें, क्योंकि इस अवधि में प्रोफाइल स्वतः अपडेट हो जाती है। उन्होंने बताया कि त्रुटि सुधार केवल उन्हीं मामलों में किया जाएगा, जिनमें जेंडर (लिंग) संबंधी त्रुटि पाई जाती है। जेंडर सुधार के बाद संबंधित हितग्राही को पुनः ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराना आवश्यक होगा।

## जिले में 1 मई से 10 जून के मध्य समाधान शिविरों का आयोजन होगा

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जनशिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण को सुनिश्चित करने तथा आमजन को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वर्ष भी जिले में 01 मई से 10 जून 2026 के मध्य सुशासन तिहार-2026 का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समाधान शिविरों के प्रभावी आयोजन एवं ग्रामवार क्लस्टर कार्यक्रम की जानकारी तैयार करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमन्त रमेश नंदनवार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही रवि कुमार साहू, अपर कलेक्टर महासमुंद को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्ञात हो कि गत वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए थे। इसी कड़ी में इस वर्ष भी 01 मई से 10 जून 2026 के मध्य जिले के ग्राम पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकाय कार्यालयों, विकासखण्ड मुख्यालयों एवं जिला मुख्यालय स्तर पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे।



खबर संक्षेप

## शिवाय क्रिकेट अकादमी में नई कलर ड्रेस का अनावरण, 1 से समर कैंप का शुभारंभ

**महासमुंद।** शहर के श्रीशिवाय क्रिकेट अकादमी में सोमवार को बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ अकादमी की नई कलर ड्रेस का अनावरण किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। नई ड्रेस अकादमी की पहचान को और मजबूत करने के साथ-साथ खिलाड़ियों में अनुशासन, एकता और प्रोफेशनल एटीट्यूड को बढ़ावा देगी। अकादमी के मुख्य कोच, नेशनल लेवल एनआईएस सर्टिफाइड क्रिकेट कोच तृपेश साहू के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को आधुनिक एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में खिलाड़ी लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे हैं और प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार हो रहे हैं। इसी क्रम में अकादमी द्वारा 1 मई से 31 मई तक समर कैंप (नया बैच) का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष कैंप में फिटनेस ट्रेनिंग, एडवांस स्किल डेवलपमेंट, मैच प्रैक्टिस एवं मानसिक मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि खिलाड़ी अपने खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकें।

## गौ को राष्ट्र माता घोषित करने सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद।** भारतीय किसान संघ द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन महासमुंद तहसीलदार जेके पटेल को सौंपा गया। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष महासमुंद के कुबेर गिरि गोस्वामी, बृजलाल साव उपाध्यक्ष, राजेंद्र वैष्णव कार्यालय मंत्री, सदस्य बृजबिहारी साहू, दिनेश प्रताप सिंह, ऋषभ साहू आदि मौजूद रहे।

# बसना में सोमनाथ का प्राकट्य, बैजनाथधाम से पहुंचे संतों का विधायक ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

आज बसना की माटी उस समय धन्य हो गई,

- बसना में शिव-शक्ति का अवतरण: विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने पुष्प माला पहनाकर कर किया बैजनाथ धाम के संतों का अभिनंदन
- विधायक के सान्निध्य में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सोमनाथ महादेव और सिद्ध संतों का स्वागत



जब देवों के देव महादेव की ऊर्जा लेकर बैजनाथ धाम से पधारे सिद्ध संतों के चरण यहां पड़े। अवसर था सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन, भव्य रुद्रपूजा एवं सत्संग का, जिसने संपूर्ण क्षेत्र को शिवमय और आध्यात्मिक चेतना से सराबोर कर दिया। बैजनाथ धाम से पधारे प्रणवानंद स्वामी महाराज एवं प्यारेलाल बाबा महाराज का बसना आगमन किसी उत्सव से कम नहीं था। विधायक कार्यालय में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की दिव्य प्रतिमा के पहुंचते ही वातावरण जयकारों से गूंजायमान हो उठा। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए संतों का पाद-पूजन किया और पुष्प वर्षा कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। यह दृश्य ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात शिव-शक्ति के दूतों का धरा पर अवतरण हुआ हो।

इस पावन अवसर पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अत्यंत भावुक और ओजस्वी शब्दों में अपनी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का दर्शन और यह रुद्रपूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह साक्षात शक्ति और अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति का द्वार है। यह वह पावन स्थल है जहां श्रद्धा, ऊर्जा और चेतना का त्रिवेणी संगम हो रहा है। विधायक अग्रवाल ने आगे कहा कि जैसे चंद्रमा शिव के मस्तक पर सुशोभित होकर शीतलता प्रदान करते हैं, वैसे ही इन संतों का आगमन हमारे बसना क्षेत्र की जनता के जीवन में शांति और समृद्धि का संचार करेगा। सोमनाथ महादेव की यह दिव्य प्रतिमा हमारे संकल्पों को सिद्ध करने वाली और धर्म की पुनर्स्थापना करने वाली ऊर्जा का केंद्र है।

विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि महाराज का यह विशेष आशीर्वाद ही है कि आज हमें घर बैठे ज्योतिर्लिंग के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। यह स्वामी की कृपा दृष्टि ही है, जो हमें सेवा पथ पर अडिग रहने की शक्ति प्रदान करती है। संतों के सान्निध्य में ही जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है, और आज बसना की जनता इस पुण्य लाभ की साक्षी बन रही है। इस अवसर पर राकेश चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, अंकित अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, अमित अग्रवाल, देवाशीष चौधरी, भगवान शाम वेदी, मोहित पटेल, कामेश बंजारा, आकाश सिन्हा, विकास वाधवा, विजय पटेल, सुशील अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु, प्रबुद्धजन और धर्मप्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस मिनी सोमनाथ दर्शन के महाकुंभ में डुबकी लगाई।

## जगन्नाथ पुरी में भागवत कथा के लिए आचार्य का हुआ वरण

### बुकिंग बंद, 150 लोगों की है व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चार धाम भागवत कथा आयोजन समिति व जजमानों द्वारा 27 अप्रैल को दोपहर 12 बजे पं. पंकज तिवारी के निवास में भागवत कथा व्यास के लिए आचार्य वरण किया गया। जगन्नाथ पुरी धाम में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 17 मई से किया जा रहा है। इसके लिए मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सहजजमान मनोजकांत सीता साहू, हेमंत तारा चंद्राकर ने पं.पंकज तिवारी, माधुरी तिवारी, प्रज्ञ तिवारी को श्रीफल भेंटकर श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कराने का अनुरोध किया। परिवार से अनुमति मिलने के बाद पंकज तिवारी ने आचार्य पद स्वीकार करते हुए कहा कि यह आयोजन पिछले चार वर्षो से नगर व जनकल्याण भाव से आयोजित हो रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए दिलीप जैन, मूलचंद लड्ढा, देवेंद्र गुड्डू चंद्राकर, राजेश नायक ने बताया कि जगन्नाथ पुरी धाम में 17 मई से भागवत कथा का आयोजन है, जिसकी तैयारी की जा रही है। पुरी में भागवत कथा एक हाल में होगी, जहां 150 लोगों की बैठक व्यवस्था है। इसी हिसाब से भोजन, रहने व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

आयोजकों ने बताया कि 150 लोगों की संख्या पहले ही पूरी हो गई है, इसलिए अब बुकिंग नहीं लिया जा रहा है। कथा श्रवण के लिए एक बस 15 मई व दो बस 16 मई को पं. पंकज तिवारी के निवास से पुरी धाम के लिए रवाना होगी। आचार्य वरन के दौरान बाबूलाल साहू, चंदनपुरी गोस्वामी, रिकेश दुबे प्रफुल्ल आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि चार धाम भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा इसके पूर्व बद्रीनाथ धाम, रामेश्वरम धाम और द्वारिका धाम में भागवत कथा का आयोजन किया जा चुका है। इस बार चौथे धाम के रूप में जगन्नाथ पुरी में यह आयोजन है।

# 13 वर्षों बाद मिला न्याय निलंबित पटवारी बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

न्याय की लंबी और संघर्षपूर्ण लड़ाई के बाद पिथौरा तहसील के निलंबित पटवारी सुभाष सिदार को आखिरकार बड़ी राहत मिली है। करीब 13 वर्ष पूर्व भूमि विवाद के एक मामले में निलंबित किए गए पटवारी सुभाष सिदार को उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देश पर पुनः सेवा में बहाल कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पटवारी सुभाष सिदार को जमीन संबंधी विवाद के चलते प्रशासन द्वारा निलंबन का सामना करना पड़ा था। स्थानीय अधिवक्ता बजरंग अग्रवाल के माध्यम से सिदार ने बिलासपुर हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की।

याचिका में उन्होंने 13 वर्षों से लंबित अपनी बहाली का मुद्दा विस्तार से रखा। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने त्वरित सुनवाई करते हुए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए कि 30 दिनों के भीतर बहाली की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं और सुभाष सिदार को पुनः सेवा में बहाल कर दिया।

## साहित्यकार सुरेंद्र और तेजपाल शब्दाक्षर सम्मान से सम्मानित

**रायपुर।** शब्दाक्षर छत्तीसगढ़ प्रदेश समिति द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में रविवार को सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कुमार जगदली 'सुनील' ने सभी मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र, पुष्पहार और स्मृति चिह्न भेंट किया। इसके बाद दोनों राज्य मंत्रियों ने साहित्यकारों सुरेंद्र रावल को 'शब्दाक्षर व्यंग्यश्री सम्मान' एवं तेजपाल सोनी को 'शब्दाक्षर छत्तीसगढ़ी भाषा सेवा सम्मान' से सम्मनित किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष ने संस्था के संबंध में बताते हुए संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के संस्था के प्रति अथक योगदानों की चर्चा की। साथ ही संस्था के राष्ट्रीय सरंक्षक डॉ.बुद्धिनाथ मिश्र के 'शब्दाक्षर' के प्रति अगाध स्नेह को अतुलनीय बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग निशक्तजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया, छग राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, डा. सीमा श्रीवास्तव, अधिवक्ता राममूरत शुक्ल, यशवंत चतुर्वेदी, प्रदेश अर्थमंत्री नीलिमा मिश्रा एवं प्रदीप साहू ने कार्यक्रम संपादन में सक्रिय भूमिका निभाई।










